>

Title: Need to increase the compensation of the farmers of Banda-Chitrakoot for their crops damaged due to hailstorm.

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): धन्यवाद, अध्यक्ष जी । अभी हाल में 4 मार्च और 14 मार्च के बीच में बड़े पैमाने पर ओलावृष्टि और अतिवृष्टि हुई है, जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा-चित्रकूट में बड़े पैमाने पर फसलें नष्ट हो गई हैं । मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि किसानों को जो मुआवजा दिया जा रहा है, वह बहुत कम है । सिंचित खेती के लिए करीब 13,500 रुपये और असिंचित खेती के लिए करीब 8,500 रुपये दिए जा रहे हैं । इसको बढ़ाकर दोगुना किया जाए । वहां ओलावृष्टि से किसानों के घर बर्बाद हुए हैं, खप्पर और छप्पर तक टूट गए हैं, तमाम किसानों की छोटी-मोटी गाड़ियां टूट गई हैं, ट्रैक्टर टूट गए हैं ।

अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से मैं सरकार से मांग करता हूं कि किसानों को ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिया जाए । वहां एक केंद्रीय दल भेजकर उसकी विस्तृत जांच कराई जाए और जांच कराकर, जो भी जन-धन की हानि हुई है, बड़े पैमाने पर पशु-पक्षी वहां मारे गए हैं, उसके लिए मुआवजा दिया जाए । धन्यवाद ।